Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 20-12-2005
Participants : Goyal Shri Surendra Prakash

>

Title : Regarding need to check pollution caused by the effluents of Simbhawali Sugar Mills, Ghazibad, Uttar Pradesh.

श्री सुरेन्द्र प्रकाश गोयल (हापुड़) : महोदय, मैं केन्द्र सरकार का ध्यान उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले में चल रही सिभांवली शुगर मिल्स की ओर दिलाना चाहता हूं। इस शुगर मिल्स में गंदे पानी की निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण इसका गंदा पानी गंगा नदी को प्रदूति कर रहा है, जिस कारण इस क्षेत्र में गंगा नदी का पानी पीने के लायक नहीं रहा है। एक तरफ केन्द्र सरकार अरबों रूपये विश्व बैंक के माध्यम से एवं अन्य स्रोतों से खर्च कर गंगा नदी को प्रदूाण मुक्त कराने का प्रयास कर रही है वहीं दूसरी ओर उक्त शुगर मिल्स द्वारा सारे नियमों को ताक पर रखकर गंगा नदी को प्रदूति किया जा रहा है। इस पूरे क्षेत्र में गंगा नदी का पानी इतना ज्यादा प्रदूति है कि आम जनता एवं मवेशी विभिन्न रोगों के शिकार हो रहे हैं। मेरी केन्द्र सरकार के संबंधित मंत्रालय से अनुरोध है कि सिभांवली शुगर मिल्स के गंदे पानी से प्रदूति हो रही गंगा नदी को प्रदूाण मुकत कराने हेतु शीघ्र आवश्यक कार्यवाही की जाये तथा गंगा नदी की सफाई के लिये दीर्घकालीन नीति अपनायी जाये।